पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़, रायपुर

क्रमांक/पु0मु0/पुमनि(अजाक)/म0प्र0/निस–2/ /08 रायपुर दिनांक / /11/08

प्रति,

21/11/2008

श्री आर0सी0दुर्गा,
निदेशक,
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग,
भारत सरकार,
छठी मंजिल, 'बी' विंग, लोक नायक भवन,
खान मार्किट, नई दिल्ली ।

विषयः– आवेदक श्री हेमराज मर्सकोले, जी–10, पीएचई कालोनी, न्यू पंचशील नगर द्वारा प्रेषित शिकायत ।

संदभः– आपका प्रकरण क्रमांक/छ0ग0/एसटी–4/2006–एट्रासिटी/आरयू–III दिनांक 14.10.08

–::–

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । उपरोक्त शिकायत की जांच पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा से कराया जाकर जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया, जिसकी छायाप्रति संलग्न है । कार्यपालन अभियंता श्री हेमराज मर्सकोले द्वारा घटना दौरान उपस्थित गवाहों ने घटना को देखना एवं जानना बताने पर गवाहों से बारिकी से पूछताछ कर घटना के संबंध में कथन लिया । गवाहों द्वारा जातिगत गाली–गलौच व मारपीट के संबंध में किसी प्रकार की जानाकारी नहीं होना बताये । आवेदक हेमराज मर्सकोले द्वारा प्रेषित शिकायत जांच पर संज्ञेय अपराध का घटित होना नहीं पाया गया ।

जांच प्रतिवेदन मय मूल शिकायत पत्र एवं पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा की रिपोर्ट के साथ अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है ।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

(आर0 सी0 पटेल)
पुमनि(अजाक/माअसेल)
पुलिस मुख्यालय, रायपुर

क्रमांक/पु0मु0/पुमनि(अजाक)/म0प्र0/निस–2/3223-A/07रायपुर दिनांक 19/11/08

प्रतिलिपि :– 1/ श्री पी0के0दास उप निदेशक, भारत सरकार, राष्ट्रीय अनु0जनजाति आयोग, आर–26 अवन्ति विहार, सेक्टर–2, पो0 रविग्राम रायपुर को उनके पत्र क्र 22/30/08–अत्या दिनांक 01.11.08 के तारतम्य में सूचनार्थ ।

18/11

(आर0 सी0 पटेल)
पुमनि(अजाक/माअसेल)
पुलिस मुख्यालय रायपुर

राष्ट्रीय अनु. जनजाति आयोग ... 7.0.9.....
प्राप्ति/Receipt ...
दिनांक.....21/11/08.......

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

कमांक / स0पु0अ0 / दन्ते0 / अजाक / शिका. / 232 / 06 दिनांक : 27.05.2006

प्रति,

पुलिस महानिरीक्षक,
बस्तर रेंज, जगदलपुर ।

विषय :- श्री हेमराज मर्सकोले कार्यपालन अभियंता लो0स्वा0 यांत्रिकी विभाग के साथ कार्यालय में मारपीट बाबत् ।

संदर्भ :- आपका पत्र क0 / पुमनि / बस्तर / रीडर / 223–ए / 06 दिनांक 10.05.06 ।

— :: 0 :: —

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । विषयान्तर्गत श्री हेमराज मर्सकोले (अनु0जनजाति) कार्यपालन अभियंता को आरोपीगण श्री चंद्रिका सिंह सहा0 ग्रेड – 3 श्री आर0एस0 पिल्लैई उप यंत्री लोक0 स्वा0 यांत्रिकी विभाग दन्तेवाड़ा, श्री एम0एस0 अंसारी जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा एवं अन्य 04 अज्ञात लोगों के विरूद्ध दिनांक 11.05.05 के 11:30 बजे कार्यालय में धुसकर जातिगत गाली ग्लौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है ।

घटना की जांच जून 05 में सहायक उप निरीक्षक राजकुमार सोरी एवं दिसम्बर 05 में सहायक पुलिस अधीक्षक ओ0पी0पाल द्वारा की गई । कार्यपालन अभियंता श्री हेमराज मर्सकोले द्वारा घटना दौरान उपस्थित गवाहों दिग्विजय साह पाल एवं आलोक कुमार पण्डा को घटना को देखना एवं जानना बताने पर गवाहों से बारिकी से पुछताछ कर घटना के संबंध में कथन लिया । गवाहों द्वारा जातिगत गाली गलौज व मारपीट के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी नहीं होना बताये ।

आवेदक प्रार्थी हेमराज मर्सकोले द्वारा प्रेषित शिकायत जांच पर संज्ञेय अपराध का घटित होना नहीं पाया गया जिसकी सूचना सदस्य सचिव, छ0ग0 रा0 अनु0 जनजाति आयोग, रायपुर को इस कार्यालय के पत्र कमांक / सपुअ0 / दन्ते / अजाक / अप. / शि. / 4 / 05 दिनांक 29.12.05 के माध्यम से प्रेषित किया गया है, तथा इस कार्या0 के पत्र क0 / पु0अ0 / दन्ते0 / अजाक / शिका0 / 70 / 06 दिनांक 17.02.06 के माध्यम से पुलिस उप महानिरीक्षक, अजाक पु0मु0 रायपुर एवं प्रतिलिपि आपके कार्यालय को प्रेषित की गई है । जानकारी पुनः आपकी ओर सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है ।

शिकायत जांच प्रतिवेदन अवलोनार्थ प्रेषित है ।

संलग्न :- जांच प्रतिवेदन 03 प्रति ।

पुलिस अधीक्षक,
दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा